134
6/9/12

सत्यमेव जयते

खण्ड-6 संख्या-7

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## विधान-सभा ( वादवृत्त )

## सरकारी प्रतिवेदन

( सप्तम् सत्र )

भाग-2 ( कार्यवाही-प्रश्नोत्तर )

शुक्रवार, तिथि- 20 मार्च, 1987 ई०

लिया है। सरकार इसपर पहल करेगी। इसलिए अब आप बैठ जायं।

(ख) <u>थाना प्रभारी की गिरफ्तारी</u> ।

<u>श्री राम जतन सिन्हा</u> :अध्यक्ष महोदय, फरवरी 87 के अन्तिम सप्ताह में गोविन्दपुर (नवादा) के थाना-प्रभारी राम स्वारथ यादव ने एक व्यक्ति को पीट-पीट कर हत्या कर दी। उसके लिए उनके खिलाफ 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, परन्तु अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों में ये आतंक फैला रहे हैं एवं तरह-तरह से परेशान कर रहे हैं। अविलम्ब उक्त थाना-प्रभारी को गिरफ्तार किया जाय।

(ग) <u>हड़ताल की समाप्ति हेतु आग्रह।</u>

<u>श्री जय कुमार पालित</u> : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ द्वारा 20 जनवरी से 35 हजार कर्मचारी हड़ताल पर हैं। राज्य के शहरी क्षेत्रों में जन-जीवन नारकीय हो गया है। सड़कों पर कूड़ों का अम्बार, नालियाँ जाम, नालों का पानी सड़क पर बहना, कई नगरों में महामारी का फैलना जारी है। सरकार कर्मचारियों से वार्ता कर हड़ताल समाप्त करायें।

अध्यक्ष महोदय, स्थिति बड़ी भयावह है .....................

**अध्यक्षः** यह परिपाटी मान्य की जायगी, तो दूसरों के लिए कठिनाई हो जायगी।

<u>श्री जय कुमार पालित</u> : आप विभागीय मंत्री से कह दें कि वे हड़ताल समाप्त कराने के लिए कुछ करें, ताकि लोगों को राहत मिले।

(घ) <u>घोटाले की जाँच</u> ।

<u>श्री सुरेन्द्र प्रसाद राय</u> : अध्यक्ष महोदय, राज्य के कल्याण मंत्री